..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

# ऋषि और चुहिया (अपठित गद्यांश)

'जंगल में एक ऋषि का सुंदर आश्रम था। आश्रम के आस–पास का वातावरण बड़ा शांत और मनोरम था। विभिन्न प्रकार के पशु–पक्षी आश्रम के पास निर्भय होकर घूमते थे।

एक दिन ऋषि एक वृक्ष के नीचे बैठे आँखें मींचे किसी विचार में डूबे थे। तभी एक छोटी चुहिया भागती हुई आई और ऋषि की गोद में बैठ गई। वह बहुत डरी हुई थी। उसने ऋषि से कहा, "हे मुनिवर, मुझे बचा लीजिए। वह बिल्ली मुझे खाना चाहती है।"

ऋषि ने चुहिया के सिर पर हाथ रखते हुए कहा, "डरो मत! मैं तुम्हें बिल्ली बना देता हूँ।"

ऋषि ने चुहिया को बिल्ली बना दिया। अब बिल्ली बनी चुहिया, दूसरी बिल्लियों के साथ घूमने लगी। उसे उनका डर न रहा।"

## अभ्यास

**उत्तर लिखिए।**

**(क) आश्रम के आस-पास के वातावरण का वर्णन कीजिए।**

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

(ख) चुहिया ने ऋषि से क्या कहा?

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

(ग) ऋषि ने चुहिया के सिर पर हाथ रखते हुए क्या कहा?

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

(घ) चुहिया ने बिल्लियों से डरना क्यों छोड़ दिया?

..................................................................................................................................


..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

# कहानी लेखन

चित्र देखिए और समझकर कहानी लिखिए।



शीर्षक ........................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................


..............................................................................................................................

**शिक्षा** ...................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

# कहानी लेखन



## शीर्षक

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**शिक्षा** ...........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

# विलोम शब्द

विलोम का अर्थ है विपरीत अर्थ वाला शब्द।

**ऐसे शब्द जो एक-दूसरे का विपरीत/उल्टा अर्थ देते हैं, उन्हें विलोम या विपरीतार्थक शब्द कहते हैं।**

## कुछ प्रमुख विलोम शब्द (प्रथम सत्र)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अमृत | × | विष |
| 2. | भला | × | बुरा |
| 3. | सुख | × | दुख |
| 4. | विजय | × | पराजय |
| 5. | मधुर | × | कटु |
| 6. | सरल | × | कठिन |
| 7. | लाभ | × | हानि |
| 8. | स्वाधीन | × | पराधीन |
| 9. | कोमल | × | कठोर |
| 10. | यश | × | अपयश |

## (द्वितीय सत्र)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | आकाश | × | पाताल |
| 12. | चतुर | × | मूर्ख |
| 13. | शत्रु | × | मित्र |
| 14. | हर्ष | × | शोक |
| 15. | स्वतंत्र | × | परतंत्र |
| 16. | दिन | × | रात |
| 17. | सुगम | × | दुर्गम |
| 18. | आदर | × | अनादर |
| 19. | सौभाग्य | × | दुर्भाग्य |
| 20. | स्वच्छ | × | अस्वच्छ |

**क) नीचे दिए शब्दों में से उचित विलोम शब्द चुनिए और उस पर गोला लगाइए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विशाल | – | बड़ा, लघु, ऊँचा |
| 2. | मानव | – | नर, दानव, जन |
| 3. | शत्रु | – | मित्र, सखा, बंधु |
| 4. | प्रसन्न | – | खुश, अप्रसन्न, दुखी |

**ख) रेखांकित शब्द का विलोम भरकर वाक्य पूरे करिए।**

1. हर व्यक्ति में कई ...................... होते हैं, तो कुछ <u>अवगुण</u> भी होते हैं।
2. युद्ध में राजा की <u>विजय</u> और उसके शत्रु की .............................. हुई।
3. गांधी जी कहते थे कि <u>हिंसा</u> से नहीं ............................ से काम लेना चाहिए।
4. मैं सबका <u>हित</u> चाहती हूँ, किसी का ............................... नहीं।
5. आज से कई साल पहले हम <u>परतंत्र</u> थे, पर अब हम................................ हैं।

**ग) विलोम शब्द लिखिए -**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) इच्छा | × | .......................... | (vi) आस्तिक | × | ............................ |
| (ii) स्वस्थ | × | ......................... | (vii) शाकाहारी | × | ............................ |
| (iii) बुराई | × | ........................ | (viii) शांति | × | ............................ |
| (iv) जन्म | × | ........................ | (ix) आगे | × | ............................ |
| (v) ठंडा | × | ......................... | (x) उदय | × | ............................ |

**घ) दिए गए उदाहरण के अनुसार एक शब्द लिखिए -**

**उदाहरण - ज्ञान की कमी - अज्ञान**

(i) जो उपयोगी न हो ..........................................................................

(ii) जो वीर न हो ..........................................................................

(iii) इच्छा का अभाव ..........................................................................

(iv) जो देशी न हो ..........................................................................

(v) जो साधारण न हो ..........................................................................

(vi) जो परिचित न हो ..........................................................................

(vii) जो प्रिय न हो ..........................................................................

(viii) जो प्रसन्न न हो ..........................................................................

# पर्यायवाची शब्द

जो शब्द समान अर्थ बताते हैं, वे पर्यायवाची या समानार्थी शब्द कहलाते हैं।

**पर्यायवाची शब्दों की सूची : (प्रथम सत्र)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पेड़ | – | वृक्ष, तरु, विटप |
| 2. | पर्वत | – | पहाड़, नग, गिरि |
| 3. | बाग | – | बगीचा, उपवन, वाटिका |
| 4. | घर | – | गृह, सदन, भवन |
| 5. | सूर्य | – | रवि, दिनकर, भास्कर |
| 6. | माता | – | जननी, माँ, अंबा |
| 7. | स्त्री | – | महिला, औरत, नारी |
| 8. | आँख | – | नेत्र, नयन, लोचन |
| 9. | बादल | – | जलद, जलधर, घन |
| 10. | संसार | – | विश्व, जगत, दुनिया |

**(द्वितीय सत्र)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | राजा | – | नृप, भूप, भूपति |
| 12. | रात | – | रात्रि, रजनी, निशा |
| 13. | जल | – | पानी, नीर, सलिल |
| 14. | मानव | – | मनुष्य, आदमी, नर |

15. पृथ्वी — धरा, भूमि, वसुधा
16. कमल — राजीव, नीरज, पंकज
17. आकाश — अंबर, गगन, नभ
18. वायु — हवा, समीर, पवन
19. चाँद — चंद्रमा, शशि, मयंक
20. ईश्वर — परमात्मा, प्रभु, ईश

**उचित समानार्थी शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखिए -**

1. शत्रु ............................................ ( दोस्त, मनुष्य, दुश्मन )
2. बगीचा ............................................ ( उपवन, वन, जंगल )
3. सूर्य ............................................ ( पानी, दिवाकर, सलिल )
4. रात ............................................ ( निशा, नीर, वसुधा )
5. आकाश ............................................ ( विश्व, अंबर, पेड़ )

**नीचे लिखे शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

1. आँख ................................ ................................
2. कमल ................................ ................................
3. माता ................................ ................................
4. जल ................................ ................................
5. मित्र ................................ ................................

# मुहावरे

ऐसे शब्द-समूह जिनका प्रयोग किसी विशेष अर्थ में होता है, मुहावरे कहलाते हैं। हम अपनी बातों को दो तरीके से कह सकते हैं-

साधारण तरीके से या विशेष तरीके से।

**साधारण तरीके से** - महेश को बहुत गुस्सा आ रहा है।


**विशेष तरीके से** - महेश गुस्से से लाल–पीला हो रहा है।

विशेष तरीके में मुहावरे का प्रयोग किया गया है।


## अभ्यास


प्र. 1. चित्र देखकर मुहावरा पूरा करिए और उसका अर्थ लिखिए-


अर्थ

क.  अपने पाँव पर .............................. मारना = ..........................................

ख.  .......................................................... थपथपाना =....................................

ग.  ....................................................... का तारा होना =.............................

घ.  ........................................................ में पानी आना =.............................

ङ.  .......................................................... पर जूँ न रेंगना = ..........................

# मुहावरे (प्रथम सत्र)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अँगूठा दिखाना | – | साफ़ इनकार करना |
| 2. | अंग–अंग ढीला होना | – | बहुत थक जाना |
| 3. | आग बबूला होना | – | गुस्से से भर जाना |
| 4. | कान पर जूँ तक न रेंगना | – | कुछ असर न होना |
| 5. | किस्मत खुलना | – | भाग्य चमकना |
| 6. | घी के दीए जलाना | – | बहुत खुश होना |
| 7. | छक्के छुड़ाना | – | हराना |
| 8. | दाँतों तले उँगली दबाना | – | आश्चर्य प्रकट करना |
| 9. | नमक–मिर्च लगाना | – | बढ़ा–चढ़ाकर कहना |
| 10. | बाग–बाग होना | – | बहुत प्रसन्न होना |

## (द्‌वितीय सत्र)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | नौ दो ग्यारह होना | – | भाग जाना |
| 12. | पत्थर की लकीर | – | पक्की बात |
| 13. | पेट में चूहे कूदना | – | बहुत भूख लगना |
| 14. | भीगी बिल्ली बनना | – | डर जाना |
| 15. | लाल–पीला होना | – | क्रोध करना |
| 16. | हाथ मलते रह जाना | – | पछताना |
| 17. | श्रीगणेश करना | – | शुरू करना |
| 18. | आँखे बिछाना | – | आदर सत्कार करना |
| 19. | ईद का चाँद होना | – | बहुत समय बाद दिखाई देना |
| 20. | कान भरना | – | चुगली करना |

**प्रश्न–1 मुहावरों को उनके अर्थ से मिलाइए-**

| | |
|---|---|
| (क) आँख लगना | शाबाशी देना |
| (ख) पीठ थपथपाना | नींद आना |
| (ग) दंग रह जाना | बहुत प्यारा |
| (घ) आँखों का तारा | हैरान रह जाना |

**प्रश्न–2 वाक्यों में प्रयुक्त मुहावरों को पूरा कीजिए-**

(क) मिठाइयाँ देखकर रोहित के मुँह में .................................................. आ गया।

(ख) भूख के मारे मेरे पेट में .......................................................... लगे।

(ग) हमारी टीम ने दूसरी टीम के दाँत .............................................. कर दिए।

(घ) मेरे काम में टाँग ....................................................... ।

(ङ) अरे! तुम तो ईद का ........................................................ हो।

# चित्र-वर्णन

चित्र वर्णन एक ऐसी कला है जिसमें मन के भाव प्रकट होते हैं। चित्र को देखकर आपके मन मे जो भाव उठते हैं, उन्हें आप लिखकर प्रकट करते हैं यही चित्र वर्णन कहलाता है।

इसको बनाने के लिए अपनी जितनी बुद्धि, कल्पना और भावों का प्रयोग किया जाता है चित्र वर्णन उतना ही सुंदर उभरकर सामने आता है।

चित्र–वर्णन में ध्यान देने योग्य बातें।

- चित्र को देखकर सबसे पहले उसका शीर्षक तय करना चाहिए।
- चित्र को ध्यान से देखें और उसका वर्णन अपने शब्दों में करें।
- पहला वाक्य ऐसा होना चाहिए जो चित्र के बारे में जिज्ञासा उत्पन्न करे।
- चित्र में दिए गए सभी दृश्यों, व्यक्तियों और वस्तुओं का वर्णन अवश्य करें।
- चित्र–वर्णन रोचक और लुभावना होना चाहिए।

# संवाद-लेखन

संवाद का अर्थ है बातचीत। एक–दो व्यक्तियों के साथ हुई बातचीत ही असली बातचीत होती है, क्योंकि इसी में अपने मन की बात दूसरों तक पहुँचाई जा सकती है। इसमें एक कहता है, दूसरा सुनता है, फिर दूसरा कहता है और पहला सुनता है। इस प्रकार बातचीत का सिलसिला निरंतर आगे बढ़ता रहता है।

संवाद के विषय में ध्यान रखने योग्य बातें।

- संवाद विषय और भावों के अनुकूल होना चाहिए।
- संवाद में उचित संबोधन एवं अभिवादन का प्रयोग करना चाहिए।
- उम्र का ध्यान रखना चाहिए मर्यादा एवं सम्मान को बनाए रखना चाहिए।
- बातचीत अवसर के अनुकूल होनी चाहिए।
- बातचीत में बनावटीपन नहीं होना चाहिए। सोच–समझकर अपनी बात कहनी चाहिए।
- संबंधो की सुगंध बातचीत में होनी चाहिए।
- बातचीत भाषण नहीं है इसलिए सबको बोलने का अवसर मिलना चाहिए।

# एक संवाद

उत्सव : हैलो! अविरल कैसे हो?

अविरल : ओ उत्सव! आओ बैठो।

उत्सव : क्या पढ़ाई कर रहे थे?

अविरल : नहीं, कल एक प्रतियोगिता है न, उस की तैयारी कर रहा था।

उत्सव : अविरल एक बात कहूँ, तुम्हें बुरा तो नहीं लगेगा।

अविरल : नहीं, नहीं, बोलो।

उत्सव : तुम मंच पर बोलते तो बहुत अच्छा हो, पर जब तुम खड़े होते हो तो एक पैर पर सारा बल देखकर खड़े होते हो। यह देखने में अच्छा नहीं लगता।

अविरल : धन्यवाद उत्सव! मैंने तो इस बारे में कभी सोचा ही नहीं था।

उत्सव : मेरा ऐसा कहना तुम्हें ख़राब तो नहीं लगा न।

अविरल : अरे नहीं नहीं। बल्कि मुझे खुशी हुई कि तुमने अपना समझकर मुझे मेरी गलती बताई।

# विज्ञापन - लेखन

आज का युग विज्ञापन का युग है। दूरदर्शन के कार्यक्रम हों, पत्र–पत्रिकाएँ हों या शहर की दीवारें हों सब तरफ़ विज्ञापन नज़र आते हैं।

विज्ञापन का उद्देश्य अपनी वस्तुओं को बेचने के लिए उनके बारे में जानकारी देते हुए उनका प्रचार करना है। विज्ञापनों को देखकर ही हमें नई–नई वस्तुओं के बारे में जानकारी मिलती है। वस्तुओं का चुनाव करने में मदद मिलती है, विज्ञापन हमारे मन को प्रभावित करते हैं।

विज्ञापन बनाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है।

- विज्ञापन के लिए बनाया गया चित्र–रंगीन, स्पष्ट एवं आकर्षक होना चाहिए।
- वस्तुओं के गुणों के बारे में सही जानकारी देनी चाहिए।
- बढ़ा चढ़ा कर नहीं बताना चाहिए।
- लुभावने दृश्यों द्वारा गुमराह नहीं करना चाहिए।
- विज्ञापन इतना आकर्षक होना चाहिए कि ग्राहक उसे खरीदने के लिए तैयार हो जाए।

# आशुभाषण (Just a Minute)

आशुभाषण एक प्रकार का भाषण है, जिसमें विषय तत्काल दिया जाता है और वक्ता के पास एक से दो मिनट तक का समय बोलने के लिए होता है।

आशुभाषण बोलते समय निम्न नियमों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे–

1. वक्ता को अपने खड़े रहने के तरीके पर ध्यान देना चाहिए। बोलते समय हिलना–डुलना नहीं चाहिए तथा सबकी तरफ़ देखकर बोलना चाहिए।
2. वक्ता को बोलने से पहले अपनी अध्यापिका और मित्रें को संबोधित करना चाहिए तथा समाप्ति के बाद धन्यवाद अवश्य बोलना चाहिए।
3. आरंभ में स्वयं और विषय के बारे में बताना भी आवश्यक है।
4. वक्ता को ध्यान रखना चाहिए कि वह इतना तेज़ बोले कि सभी उसे आसानी से सुन सकें।
5. वक्ता को अपने विचारों को क्रमबद्ध करके प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए।
6. वक्ता में आत्मविश्वास, धैर्य, विविध विषयों का ज्ञान, तुरंत सोचने की क्षमता आदि गुणों का होना भी आवश्यक है।
7. वक्ता को विषय मिलते ही, तुरंत उस पर विचार करना आरंभ कर देना चाहिए और विषय को कुछ मुख्य बिंदुओं में बाँटकर बोलना चाहिए।
8. अगर उपर्युक्त बिंदुओं पर ध्यान दिया जाए तो आशुभाषण का प्रस्तुतिकरण आसान हो जाएगा।

**आशुभाषण के लिए कुछ शीर्षक-**

- अगर मैं एक दिन के लिए प्रधानचार्या बन जाऊँ।
- उस रात जब मैं घर पर अकेला था/अकेली थी।
- उस रात जब मैंने चाँद से बातें की।
- मेरा सपना।
- मेरा प्रिय खिलाड़ी।
- स्कूल से जब हम पिकनिक मनाने गए।
- मेरा सबसे अच्छा दोस्त।
- जब मैंने अपने मित्र की सहायता की।
- मैं और मेरा देश।
- होली, दीपावली या क्रिस्मस के त्योहार पर आप क्या करते हैं।

# आओ कहानियाँ पढ़ें

(केवल पठन)

# थोड़ी सी खुरचन

एक बार की बात, राजा कृष्णदेव राय के दरबार में मथुरा से एक बड़े विद्वान आए। बोले– ''महाराज, मेरा नाम मेखला पंडित है। मैंने ऐसी साधना की है कि मुझे कभी क्रोध नहीं आता।''

राजा मेखला पंडित से बड़े प्रभावित हुए। उन्हें शाही अतिथिशाला में ठहराया गया। कुछ दिन बाद राजा ने दरबारियों से मेखला पंडित के बारे में पूछा। सबने कहा– ''महाराज, वह तो वाकई पहुंचे हुए साधक हैं। कोई कुछ भी कहे, उन्हें क्रोध नही आता।''



राजा ने देखा, तेनालीराम चुप बैठा मुसकरा रहा है। पूछने पर उसने कहा– ''महाराज, मैं जरा नजदीक से उन्हें देखूंगा, तभी कुछ कहूंगा।''

अगले दिन की बात, जिस कक्ष में मेखला पंडित ठहरे थे, उसके बाहर एक बच्चा पहुंचा। जोर से बोला– ''अजी, क्या पेड़े और खुरचन बेचने वाले पंडित जी यहीं रहते हैं?'' सुनकर मेखला पंडित उत्सुकता से बाहर आए। मुसकराकर बोले– ''बेटा, मैं आया तो मथुरा से ही हूं, पर तुमने गलत सुना। मैं तो पेड़े और खुरचन बेचने नहीं आया.......!''



उस लड़के के जाने के कुछ ही देर बाद पांच-सात लड़कों का झुंड वहां आ गया। उनमें से एक बोला– ''क्यों जी, आप ही मथुरा से पेड़े और खुरचन बेचने आए हैं? हम आपको मुंहमांगे पैसे देंगे, मगर खुरचन...!''

अब मेखला पंडित के लिए बर्दाश्त करना मुश्किल हो गया। जोर से चिल्लाए– ''तुम यहां से जाते हो या नहीं...... ?'' लड़के झट उड़न-छू हो गए।



पर उसी शाम को एक पग्गड़धारी बूढ़ा मेखला पंडित के कक्ष में आ पहुंचा। बोला– "अरे बेटा, सुना है, बड़ी अच्छी और स्वादिष्ट खुरचन लाए हो मथुरा से। हमने तो बचपन में खाई थी, तब से तरस गए खुरचन खाने को! तुम अपने पैसे पहले गिनकर ले लो, मगर खुरचन जरा बढ़िया...।" –कहकर बूढ़े ने एक लाल सी थैली खनकाई।

अब तो मेखला पंडित ने गुस्से से लाल–पीले होकर पास में रखी लाठी उठाई, और उसे मारने के लिए दौड़े। आगे–आगे बूढ़ा, पीछे–पीछे लाठी उठाए बंडित जी...। पास के एक भवन से राजा और दरबारी भी छिपकर यह माजरा देख रहे थे।

इतने में उस बूढ़े ने अपनी पगड़ी उतार फेंकी। सामने तेनालीराम मुसकराता खड़ा था। देखकर मेखला पंडित बुरी तरह शर्मिंदा हो गए। उसके बाद वह कब गायब हो गए कुछ पता न चला।




इस कहानी से मैने सीखा कि..........................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

# पेड़ का घमंड



एक जंगल में विशाल पेड़ था। उसका तना बहुत मोटा और मजबूत था। पेड़ की अनगिनत छोटी-बड़ी शाखाएं थीं, जिन पर बहुत से पंक्षी और जानवर रहते थे।

एक बार जंगल और आसपास बड़े जोर की बारिश हुई। दिन-रात खूब पानी बरसा, जिससे जंगल में बाढ़ आ गई। अपनी जान बचाने के लिए बहुत से जानवरों ने पेड़ पर शरण ली। बड़ी संख्या में पशु-पक्षी पेड़ पर चढ़ गए।

तीन-चार दिनों तक जानवर पेड़ पर ही बैठे रहे। पानी कुछ कम हुआ, तो एक-एक करके सभी ने पेड़ से विदा ली और अपने-अपने रास्ते चले गए। पेड़ को घमंड हो गया। उसने मन ही मन सोचा- "अगर आज मैने इन पंछियों की मद्द न की होती, तो इनकी मृत्यु निश्चित थी।" घमंड की वजह से पेड़ अब पक्षियों से सीधे मुंह बात नहीं करता था। यदि कोई पेड़ पर बैठता, तो उसे ताना देकर भगा देता।

"पेड़ भैया, हमें बैठने दो। तुम हमें अपनी डालों पर रहने नहीं दोगे तो सोचो, हम कहां जाएंगे।"-पशु-पक्षी कहते।

"क्यों, मैंने क्या तुम्हारा ठेका ले रखा है! बरसों से तुम लोग मुझ पर रहते आए हो, बदले में आज तक मुझे क्या मिला? तुम उछल-कूद मचाकर मेरी डालें तोड़ देते हो। ये पक्षी बीट करके मेरे पूरे शरीर को गंदा कर देते हैं। इतना कुछ सहने पर मुझे क्या लाभ हुआ?" -पेड़ बोला।

"लगता है, तुम्हें किसी ने बहका दिया है। इतने स्वार्थी मत बनो। हमें अपने साथ रहने दो।"-जानवरों ने विनती की। पर पेड़ ने उनकी एक न सुनी।

मजबूर होकर उन्हें वहां से जाना पड़ा थोड़ी ही देर में पूरा पेड़ खाली हो गया।

"तुम शायद नहीं जानते, आज तुम हमारे काम आ रहे हो। हो सकता है, कल तुम्हें हमारी मदद की जरूरत पड़ जाए।" –टिंकू हाथी ने पेड़ को समझाया, तो उसने ठहाका लगाया।

"भला, तुम लोग मेरे क्या काम आओगे। एक भी उदाहरण बता दो, जब मुझे तुम्हारी मदद की आवश्यकता पड़ी हो?" –पेड़ अपनी तारीफ करता हुआ बोला। बेचारा टिंकू चुपचाप चला गया।

एक दिल न जाने कैसे जंगल में आग लग गई। देखते ही देखते चारों तरफ आग फैलने लगी। टिंकू ने खतरा भांपकर अपने साथी हाथियों को इकट्ठा किया। उन सबने तालाब से पानी सूंड में भरकर आग पर डालना शुरू किया।

वक्ता पर पानी डालने से आग फैलने से पहले की काबू में आ गई। इस घटना से भी उस विशाल पेड़ ने कोई सबक नहीं सीखा कि यदि टिंकू आग को न रोकता, तो वह जलकर भस्म हो जाता। पर पेड़ का घमंड ज्यों का त्यों बना रहा।

एक दिन लकड़ी काटने वाले तस्कर जंगल में आए। वे अपने साथ बड़े-बड़े आरे लेकर आए थे। उनकी नजर मोटे तने वाले पेड़ पर पड़ी, तो लकड़ी के लालच में वे उसे काटने लगे।

अपना तना कटता देख, पेड़ घबरा उठा। "मूझे मत काटो! रूको, मुझे मत काटो.... बचाओ-बचाओ!"–वह मदद के लिए चीखने-चिल्लाने लगा। पहली बार उसे अपने कमजोर और असहाय होने का एहसास हुआ। चाह कर भी वह उन सत्करो का कुछ नहीं बिगाड़ सकता था।

जानवर घमंड़ी पेड़ की मदद करने को तैयार हो गए। बंदरों ने पेड़ से कच्चे आम तोड़े और तस्करों पर निशाना लगाकर मारने शुरू कर दिए। इस आक्रमण से वे घबरा गए और अपने आरे वहीं छोड़कर भाग निकले। सभी जानवरों ने मिलकर उन्हें जंगल से बाहर खदेड़ दिया।

इस घटना ने घमंडी पेड़ की आंखें खोल दीं। उसे अपनी भूल का एहसास हो गया। पेड़ में आए बदलाव से सभी पशु-पक्षी बेहद खुश थे। विशाल पेड़ फिर से गुलजार हो गया। सब हिल-मिलकर प्रेमपूर्वक रहने लगे।

इस कहानी से मैने सीखा कि.....................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

# अनोखा संदेश

एक बार की बात, राजा कृष्णदेव राय के बचपन के प्रिय मित्र आनंद नंदिकेशवम उनसे मिलने आए हुए थे। राजमहल में उनके लिए विशेष भोज का इंतजाम था। उस दिन राजा दरबार में नहीं आए। दरबारी भी थोड़ी फुरसत में थे। इस बात की चर्चा चल निकली कि राजा के यहां भोज के लिए कौन–कौन से पकवान और स्वादिष्ट मिठाइयां बनी होंगी।



सबके साथ–साथ तेनालीराम भी ये बाते सुनकर मुसकरा रहा था। तभी अचानक मंत्री ने कहा– ''तेनालीराम, सब तुम्हारी चतुराई की बहुत तारीफ करते हैं। अगर तुम राजा के यहां से दावत खाकर आ जाओ, तो मैं तुम्हें दस स्वर्ण मुद्राएं इनाम में दूंगा।'' पुरोहित ने भी हंसकर नई पगड़ी देने की घोषणा कर दी। सब सोच रहे थे, आज तो राजमहल में तेनालीराम को कोई पूछेगा नहीं, खूब भद होगी।



तेनालीराम उसी समय मुसकराता हुआ चल पड़ा। राजमहल पहुंचकर उसने दरबान से अंदर कहलवाया–''जाओ, जाकर राजा से कहना कि तेनालीराम को सपने में एक देवदूत ने आपके लिए जरूरी संदेश दिया है। वह उसे अभी सुनाना चाहता है।''

दरबान ने राजा से कहा, तो उन्हें उत्सुकता हुई। बोले–''जाओ भेज दो...।'' उन्होंने अपने मित्र आनंद नंदिकेशवम और महारानी को बताया। महारानी बोलीं– ''लगता है, तेनालीराम कोई निराला ही संदेश लाया है।''

जैसे ही तेनालीराम अंदर आया, राजा ने अधीरता से कहा– "हां, तो बताओ तेनालीराम, क्या कहा था देवदून ने? जल्दी से सुना डालो।" पर तेनालीराम जल्दी-जल्दी चलकर आया था। सांस कुछ फूली हुई थी। वह कुछ कहता, इससे पहले महारानी ने कहा– "तेनालीराम, पहले तुम खाना खाओ। फिर तसल्ली से बताना।



महारानी ने खुद भोजन परोसा। तेनालीराम ने खूब स्वाद लेकर खाया। फिर राजा ने अपने हाथ से उसे पान का बीड़ा दिया। थोड़ी देर बाद राजा कृष्णदेव राय ने पूछा– "हां तो तेनालीराम, अब बताओ, देवदूत ने क्या संदेश दिया है?"

तेनालीराम मुसकराया। बोला– "महाराज, देवदूत ने यही संदेश दिया था कि तुम महाराज के महल में जाना। वहां स्वादिष्ट भोजन और एक से एक बढ़िया पकवान तुम्हें खाने को मिलेंगे।"



सुनकर राजा कृष्णदेव राय हंस पड़े। महारानी और आदंद नंदिकेशवम भी मंद-मंद मुसकरा रहे थे। बाद में दरबारियों को तेनालीराम की चतुराई का पता चला, तो वे दंग रह गए। मंत्री को उसे दस स्वर्ण मुद्राएं और पुरोहित को नई पगड़ी देनी पड़ी।

इस कहानी से मैने सीखा कि.............................................................................................

.............................................................................................................................

.............................................................................................................................

# उधार का बोझ



एक बार किसी वित्तीय समस्या में फँसकर तेनाली राम ने राजा कृष्ण देव राय से कुछ रुपए उधार लिए थे। समय बीतता गया और पैसे वापस करने का समय भी निकट आ गया। परन्तु तेनाली के पास पैसे लौटाने का कोई प्रबन्ध नहीं हो पाया था। सो उसने उधार चुकाने से बचने के लिए एक योजना बनाई।

एक दिन राजा को तेनाली राम की पत्नी की ओर से एक पत्र मिला। उस पत्र में लिखा था कि तेनाली राम बहुत बीमार है। तेनाली राम कई दिनों से दरबार में भी नहीं आ रहा था, इसलिए राजा ने सोचा कि स्वयं जाकर तेनाली से मिला जाए। साथ ही राजा को भी संदेह हुआ कि कहीं यह उधार से बचने के लिए तेनाली राम की कोई योजना तो नहीं है।

राजा तेनाली राम के घर पहुँचे। वहाँ तेनाली राम कम्बल ओढ़कर पलंग पर लेटा हुआ था। उसकी ऐसी अवस्था देखकर राजा ने उसकी पत्नी से कारण पूछा। वह बोली, "महाराज, इनके दिल पर आपके दिए हुए उधार का बोझ है। यही चिन्ता इन्हें अन्दर ही अन्दर खाए जा रही है और शायद इसी कारण यह बीमार हो गए।"

राजा ने तेनाली को सांत्वना दी और कहा, "तेनाली, तुम परेशान मत होओ। तुम मेरा उधार चुकाने के लिए बँधे नहीं हुए हो। चिन्ता छोड़ो और शीघ्र स्वस्थ हो जाओ।"

यह सुन तेनाली राम पलंग से कूद पड़ा और हँसते हुए बोला, "महाराज, धन्यवाद।"

"यह क्या है, तेनाली? इसका मतलब तुम बीमार नहीं थे। मुझसे झूठ बोलने का तुम्हारा साहस कैसे हुआ?" राजा ने क्रोध में कहा।

"नहीं नहीं, महाराज, मैंने आपसे झूठ नहीं बोला। मैं उधार के बोझ से बीमार था। आपने जैसे ही मुझे उधार से मुक्त



किया, तभी से मेरी सारी चिन्ता खत्म हो गई और मेरे ऊपर से उधार का बोझ हट गया। इस बोझ के हटते ही मेरी बीमारी भी जाती रही और मैं अपने को स्वस्थ महसूस करने लगा। अब आपके आदेशानुसार मैं स्वतंत्र, स्वस्थ व प्रसन्न हूँ।"

हमेशा की तरह राजा के पास कहने के लिए कुछ न था, वह तेनाली की योजना पर मुस्करा पड़े।

# जादुई कुएँ




एक बार राजा कृष्णदेव राय ने अपने गृहमंत्री को राज्य में अनेक कुएँ बनाने का आदेश दिया। गर्मियाँ पास आ रही थीं, इसलिए राजा चाहते थे कि कुएँ शीघ्र तैयार हो जाएँ, ताकि लोगों को गर्मियों में थोड़ी राहत मिल सके। गृहमंत्री ने इस कार्य के लिए शाही कोष से बहुत-सा धन लिया। शीघ्र ही राजा की आज्ञानुसार नगर में अनेक कुएँ तैयार हो गए। इसके बाद एक दिन राजा ने नगर भ्रमण किया और कुछ कुंओं का स्वयं निरीक्षण किया। अपने आदेश को पूरा होते देख वह संतुष्ट हो गए।

गर्मियों में एक दिन नगर के बाहर से कुछ गाँव वाले तेनाली राम के पास पहुँचे, वे सभी गृहमंत्री के विरुद्ध शिकायत लेकर आए थे। तेनाली राम ने उनकी शिकायत सुनी और उन्हें न्याय प्राप्त करने का रास्ता बताया। योजनानुसार तेनाली राम अगले दिन राजा से मिले और बोले, "महाराज! मुझे विजय नगर में



कुछ चोरों के होने की सूचना मिली है। वे हमारे कुएँ चुरा रहे हैं।"
इस पर राजा बोले, "क्या बात करते हो, तेनाली! कोई चोर कुएँ को कैसे चुरा सकता है?"
"महाराज! यह बात आश्चर्यजनक जरुर है, परन्तु सच है, वे चोर अब तक कई कुएँ चुरा चुके हैं।" तेनाली राम ने बहुत ही भोलेपन से कहा।
उसकी बात को सुनकर दरबार में उपस्थित सभी दरबारी हँसने लगे।
महाराज ने कहा, "तेनाली राम, तुम्हारी तबियत तो ठीक है। आज कैसी बहकी-बहकी बातें कर रहे हो? तुम्हारी बातों पर कोई भी व्यक्ति विश्वास नहीं कर सकता।"



"महाराज! मैं जानता था कि आप मेरी बात पर विश्वास नहीं करेंगे, इसलिए मैं कुछ गाँव वालों को साथ लाया हूँ। वे सभी बाहर खड़े हैं। यदि आपको मुझ पर विश्वास नहीं है, तो आप उन्हें दरबार में बुलाकर पूछ लीजिए। वह आपको सारी बात विस्तारपूर्वक बता देंगे।"
राजा ने बाहर खड़े गाँव वालों को दरबार में बुलवाया। एक गाँव वाला बोला, "महाराज! गृहमंत्री द्वारा बनाए गए सभी कुएँ समाप्त हो गए हैं।



आप स्वयं चलकर देख सकते हैं।"

राजा ने उनकी बात मान ली और गृहमंत्री, तेनाली राम, कुछ दरबारियों तथा गाँव वालों के साथ कुओं का निरीक्षण करने के लिए चल दिए। पूरे नगर का निरीक्षण करने के पश्चात उन्होंने पाया कि राजधानी के आस-पास के अन्य स्थानों तथा गाँवों में कोई कुआँ नहीं है। राजा को यह पता लगते देख गृहमंत्री घबरा गया। वास्तव में, उसने कुछ कुओं को ही बनाने का आदेश दिया था। बचा हुआ धन उसने अपनी सुख- सुविधाओं पर व्यय कर दिया। अब तक राजा भी तेनाली राम की बात का अर्थ समझ चुके थे। वे गृहमंत्री पर क्रोधित होने लगे, तभी तेनाली राम बीच में बोल पड़ा "महाराज! इसमें इनका कोई दोष नहीं है। वास्तव में वे जादुई कुएँ थे, जो बनने के कुछ दिन बाद ही हवा में समाप्त हो गए।" अपनी बात समाप्त कर तेनाली राम गृहमंत्री की ओर देखने लगा। गृहमंत्री ने अपना सिर शर्म से झुका लिया।

राजा ने गृहमंत्री को बहुत डाँटा तथा उसे सौ और कुएँ बनवाने का आदेश दिया। इस कार्य की सारी ज़िम्मेदारी तेनाली राम को सौंपी गई।

**इस कहानी से मैने सीखा कि**......................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

# अनुच्छेद लेखन

## छुट्टी का एक दिन

**संकेत :** बच्चों यहाँ कुछ संकेत दिए गए हैं, इन्हें पढ़कर अनुच्छेद लिखिए।
छुट्टी का दिन कैसा लगता है? छुट्टी के दिन कितने बजे सोकर उठते हैं? नाश्ते में क्या खाते हैं? कौन–कौन से खेल खेलते हैं? गृहकार्य कब करते हैं? घूमने जाते हैं या मित्रों के साथ खेलते हैं?

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

## मेरा जन्मदिन

**संकेत :** बच्चों यहाँ कुछ संकेत दिए गए हैं, इन्हें पढ़कर अनुच्छेद लिखिए।
आपका जन्मदिन कब होता है, क्या–क्या तैयारियाँ करते हैं, किन–किन लोगों को बुलाना चाहते हैं, दावत में क्या खिलाएँगे, कौन–कौन से खेल खेलेंगे, आदि।

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

# अनुच्छेद लेखन

## मेरा मनपसंद खेल

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................

# अपठित गद्यांश

**नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-**

गरमी का मौसम था। रिया अपने दोस्त आकाश और संचित के साथ पार्क में खेलने गई। आकाश बोला 'कितना सुहावना दृश्य है–चला पेड़ों के झुरमुट में आँख–मिचौली खेलते हैं।' रिया कुछ सोच में पड़ गई और बोली देखो इन पेड़ों से हमें छाया, ठंडक, शुद्‌ध हवा, लकड़ियाँ, सुंदर फूल–फल आदि अनेक चीज़ें मिलती हैं। इस प्रकार से पेड़–पौधे हमें हर तरह से लाभ पहुँचाते हैं और बदले में हमसे केवल देखभाल चाहते हैं, तो क्या हम उन्हें इतना भी नहीं दे सकते! संचित और आकाश दोनों को रिया की बात बहुत अच्छी लगी। तीनों मित्रों के निश्चय किया कि वे पेड़ों की रक्षा करेंगे।

क) गद्‌यांश के लिए एक शीर्षक लिखिए?

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

ख) पार्क में खेल रहे बच्चों के नाम लिखिए?

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

ग) पार्क का दृश्य कैसा था?

........................................................................................................................

........................................................................................................................

........................................................................................................................

घ) पेड़ों से हमें क्या–क्या मिलता है?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

ङ) पेड़–पौधे हमसे क्या चाहते हैं?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

च) आपको पेड़–पौधों के बीच रहना कैसा लगता है?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

# अपठित गद्यांश

## हीरा और मोती

हीरा और मोती दो बैल थे। दोनों आज़ाद होकर घूम रहे थे। रास्ते में उन्हें एक साँड मिला। जिसे देखकर हीरा और मोती के होश उड़ गए। दोनों ने साहस से काम लिया। साँड ने आकर हीरा पर सामने से वार किया तो मोती ने उस पर पीछे से अपने सींगों से चोट की। अपने ऊपर हमला होते देखकर साँड घबराकर भागने लगा। मोती ने कुछ दूर तक उसका पीछा किया, पर हीरा ने उसे रोक लिया। दोनों बैल अब बहुत खुश थे। आगे चले तो रास्ते में मटर का खेत दिखाई दिया। हरे–हरे मटर देखकर उनकी भूख तेज़ हो गई। वे खेत में घुसकर मटर खाने लगे।

क) हीरा और मोती कौन थे?

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

ख) किसे देखकर हीरा और मोती के होश उड़ गए?

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

ग) अपने ऊपर मुसीबत आई देखकर हीरा और मोती ने क्या किया?

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

घ) साँड ने किस पर वार किया?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

ङ) हीरा और मोती को रास्ते में क्या दिखाई दिया?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

# अपठित गद्यांश

**नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-**

एक बार गाँधीजी से मिलने जापान से एक आदमी आया। उसने उन्हें चीनी मिट्टी का एक खिलौना भेंट दिया। गाँधीजी को खिलौना बहुत पसंद आया। वे उसे अपने साथ रखते थे, जहाँ जाते, उस खिलौने को साथ ले जाते। काम करते समय भी उस खिलौने को अपने सामने रखते थे। खिलौना देखने में बहुत ही साधारण था। तीन बंदर थे। एक बंदर ने अपना मुँह, दूसरे ने अपनी आँखें तथा तीसरे ने अपने कान हाथ से बंद कर रखे थे। बापू कहते थे कि–जिस बंदर ने मुँह बंद कर रखा है वह सिखाता है कि, 'बुरा मत बोलो'। दूसरा बंदर सिखाता है कि 'बुरा मत देखो'। तीसरा बंदर सिखाता है कि 'बुरा मत सुनो'।

क) गाँधीजी को भेंट में क्या मिला?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

ख) गाँधी जी से मिलने कौन आया था?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

ग) खिलौना किस चीज़ का बना था?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

घ) खिलौना देखने में कैसा था?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

ङ) गाँधीजी के तीन बंदर हमें क्या सिखाते हैं?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

# कहानी लेखन

चित्र को ध्यान से देखिए और अपने शब्दों में कहानी लिखिए:-



**शीर्षकः**

.........................................................................................

.........................................................................................

**पात्रों के नामः**

.........................................................................................

.........................................................................................

## कहानीः

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................


## शिक्षाः

..............................................................................

..............................................................................

# कहानी लेखन

चित्र को ध्यान से देखिए और अपने शब्दों में कहानी लिखिए:-



**शीर्षक:**

..............................................................................

**पात्रों के नाम:**

..............................................................................

## कहानी:

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

## शिक्षा:

..........................................................................

..........................................................................